दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली।। गुरुवार 25 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 195 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी बने पूर्व सीएम अखिलेश यादव, जल्द करेंगे नामांकन



**लखनऊ।** इस लोकसभा चुनाव में यूपी में सबसे ज्यादा चर्चा बार-बार सपा की बदलती लिस्ट और उम्मीदवारों के नाम की है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने अभी दो दिन पहले ही कन्नौज लोकसभा सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को टिकट दिया था जो कि सैफई परिवार से हैं और अखिलेश के भतीजे हैं। तेज प्रताप 24 अप्रैल को कन्नौज सीट से नॉमिनेशन भी दाखिल करने वाले थे, लेकिन अब उनका नामांकन टल गया है। अब खबर है कि सपा ने कन्नौज सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। इत्र नगरी की लोकसभा सीट से तेज प्रताप की जगह...

पढ़ें, शेष पेज 2



400 पार

# प्रचार के अंतिम दिन अतुल गर्ग के रोड शो में उमड़ी भीड़











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था और चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लोकसभा प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से अतुल गर्ग ने रोड शो निकाला। रोड शो की शुरूआत बजरिया से हुई जो घंटाघर होते हुए शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन और फिर वहां से होते हुए नवयुग मार्केट के अंबेडकर मैदान में पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग का व्यापारियों, नेताओं और अन्य लोगों ने फूल-माला और पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों में अतुल गर्ग के स्वागत को लेकर उत्साह देखने को मिला। तो महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने रोड शो शुरू होने से पहले गोल मार्केट में व्यापारियों को संबोधित किया। रोड शो में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारी वर्ग भी शामिल हुआ। वहीं जिन रास्तों से होते हुए अतुल गर्ग का रोड शो आगे बढ़ा वहां भारतीय जनता पार्टी के झंडे भी लगाए गए थे।

### अतुल गर्ग ने जनता का दोनों हाथ जोड़कर किया अभिवादन

करंट क्राइम : अतुल गर्ग रोड शो के दौरान जनता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन कर रहे थे, तो कई जगह उन्होंने हाथ जोड़ा तो कई जगह विक्ट्री साइन भी दिखाया और पटका पहन कर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान जमकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने योगी-मोदी के नाम की जिंदाबाद के नारे लगाए। तो अतुल गर्ग को भारी मतों से विजई बनाने के लिए भी अपील की गई। इस दौरान रोड शो में नजारा देखने को मिला कि अतुल गर्ग के साथ खुली जीप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, बीजेपी महा नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, राजा वर्मा, सरदार एसपी सिंह खुली जीप में सवार थे। तो उनके




पीछे कार्यकर्ताओं और महापौर सुनीता दयाल भी सवार होकर भी साथ-साथ चल रही थीं। इस दौरान एक वाहन पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, पार्षद राहुल शर्मा सहित युवा पदाधिकारी सवार थे। रोड शो के दौरान पूर्व विधायक मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी, भाजपा नेता पृथ्वी सिंह, डा. उदिता त्यागी, रनिता सिंह, वीरेंद्र सारस्वत, भाजपा नेता मयंक गोयल, पप्पू पहलवान, गुंजन शर्मा, अजय शर्मा, पवन गोयल, बालकिशन शर्मा और पप्पू नगर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉली शर्मा ने शहर में रोड शो निकाल कर दर्ज कराई दस्तक

न्याय यात्रा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने एक विशाल भव्य रोड शो निकाला और समर्थन का एहसास कराया। उनका काफिला सुबह 11 बजे मुख्य चुनाव कार्यालय मालीवाड़ा चौक से अंबेडकर रोड पहुंचा। जहां से रोड शुरू होकर मालीवाड़ा, डासना गेट, रमतेराम रोड, जीटी रोड आदि स्थान से होकर गया। जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उनका स्वागत किया। कहीं फूलमाला और पुष्प वर्षा भी की गई। डॉली शर्मा के रोड शो के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और गठबंधन के चेहरे भी उनके साथ नजर आए और उन्होंने भी डॉली शर्मा के लिए वोट मांगने का काम किया।

रोड शो के दौरान जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, विजय चौधरी महानगर अध्यक्ष कांग्रेस, फैजल हुसैन जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, सचिन शर्मा जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, कांग्रेस के पूर्व महान अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अमित शर्मा, अश्वनी कौशिक, राहुल कौशिक, अमित भारद्वाज, सुमित भारद्वाज के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में स्थानीय लोग रोड शो में शामिल हुए।













# प्रचार के अंतिम दिन बसपा उम्मीदवार ने झोंकी ताकत

## महाराणा प्रताप का आशीर्वाद लेकर किया धौलाना में प्रचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा उम्मीदवार ठाकुर नंदकिशोर पुंडीर ने पूरी ताकत झोंकी, उन्होंने धौलाना क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया और वोट मांगे। यहां पर बसपा उम्मीदवार के साथ बसपा नेताओं की टीम भी रही और क्षत्रिय समाज के लोग भी रहे। प्रचार के अंतिम नंदकिशोर पुंडीर ने जहां महाराणा प्रताप का आशीर्वाद लिया वहीं उन्होंने धौलाना में ठाकुर गढ़ में वोट मांगे। उन्हें चुनाव प्रचार में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ। उनके साथ बसपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बसपा लोकसभा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर ने सभी मतदाताओं से समर्थन की अपील की।


















# कन्नौज से खुद क्यों उतरे अखिलेश यादव, कैसे 48 घंटे में तेज प्रताप को हटाने की आई नौबत?



**कन्नौज।** अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में उतरेंगे। सपा महासचिव और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने अखिलेश की उम्मीदवारी का ऐलान किया है। रामगोपाल यादव ने कहा कि अखिलेश यादव कन्नौज से ही चुनाव लड़ेंगे। अखिलेश 25 अप्रैल की दोपहर कन्नौज सीट से नामांकन करेंगे।

सपा इससे पहले बदायूं, मेरठ, मोरादाबाद, मिश्रिख, गौतमबुद्ध नगर सीट से भी उम्मीदवार बदल चुकी है। अब कन्नौज से उम्मीदवार बदलने के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। सवाल ये उठ रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के रण में कन्नौज सीट से क्यों अखिलेश यादव को खुद उतरना पड़ रहा है और क्यों तेज प्रताप को उम्मीदवारी के ऐलान के 48 घंटे के भीतर ही हटाने की नौबत आ गई? लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज में चल रहा सियासी ड्रामा अपने चरम पर है। सपा में टिकट को लेकर असमंजस की स्थिच बनी हुई है। पहले अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा के बीच उनके भतीजे तेज प्रताप यादव का नाम सामने किया गया। अब फिर से अखिलेश यादव के ही नाम की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। यह तय माना जा रहा है कि अब अखिलेश यादव ही यहां से चुनाव लड़ेंगे। वह नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कन्नौज कलक्ट्रेट पहुंचकर अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

इस दौरान सपा के पूरे कुनबे के यहां रहने की संभावना जताई जा रही है। इसमें अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, चाचा डॉ. रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहेंगे। खुद तेज प्रताप यादव भी यहां नामांकन के समय मौजूद रहेंगे। हालांकि अखिलेश यावद के नामांकन को लेकर अधिकारिक रूप से कोई कुछ नहीं बोल रहा है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि पार्टी को कन्नौज से मिले फीडबैक के आधार पर हुए मंथन के आधार पर अखिलेश यादव के ही चुनाव लड़ने की बात पक्की हो गई है। अभी पार्टी की ओर से अधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

पार्टी के जिम्मेदार फिलहाल तेज प्रताप यादव को ही अधिकृत उम्मीदवार बता रहे हैं। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया कि पिछले दो दिनों की रिपोर्ट पार्टी प्रमुख तक पहुंचा दी गई है। अब उन्हें आगे का फैसला लेना है। पार्टी ने तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बदलाव से जुड़ा जो भी फैसला होगा, उसे सभी कार्यकर्ता मानेंगे।

# मुख्यमंत्री योगी बोले: कांग्रेस दलितों-पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को कम कर उनका हक मुसलमानों को देना चाहती है। वो आरक्षण का धार्मिक आधार पर बंटवारा करना चाहते हैं। सीएम योगी बुधवार को लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस का एक ही मकसद है कि किसी भी तरह से सत्ता में आएं और अपना तालिबानी एजेंडा लागू करें। कांग्रेस ने पहले भी आरक्षण को छीनने का प्रयास किया था लेकिन व्यापक विरोध होने के कारण उन्हें अपने मंसूबों में सफलता नहीं मिली। रंगनाथ मिश्र कमेटी और सच्चर कमेटी के जरिए भी एससी एसटी का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती थी इसीलिए कांग्रेस जातीय जनगणना करा रही है जिससे समाज का ताना बाना छिन्न भिन्न कर कर वर्ग विशेष को लाभ दे सके। कांग्रेस देश की कीमत पर सत्ता चाहती है। कांग्रेस तालिबानी कानून लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मकसद देश में तीन तलाक और शरिया कानून लागू करना है। यह आधी आबादी का अपमान तो है ही साथ ही उनके खतरनाक मंसूबे दिखाता है। कांग्रेस अपने उस पुराने डीएनए को दिखा रही है जिससे 1947 में देश का बंटवारा हुआ था।

## भाजपा को हर तबके का मिल रहा है समर्थन

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा के समाज के हर तबके का वोट मिल रहा है। दूसरे चरण में 89 सीटों पर मतदान है। 18 चुनावों में पहली बार देश परिणाम को लेकर आश्वस्त है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर मोर्चे पर सर्वांगीण विकास के कार्य किए हैं जिसका लाभ सभी को मिला है। वैश्विक मंच से लेकर आम जनता की अपेक्षाओं तक पर काम हुआ है। बिना भेदभाव के पहली बार सभी को योजनाओं का लाभ मिला है। देश के 80 करोड़ लोगों को राशन और 50 करोड़ लोगों को हेल्थ बीमा पहली बार मिला है। पहले चरण चुनाव के पहले संकल्प पत्र जनता के सामने रखा था। कांग्रेस और सहयोगियों के घोषणा पत्र के खतरनाक इरादे नजर आते हैं। कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा नारा ही रह गया। उनकी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं। उन्होंने जनता से समझदारी से वोट का इस्तेमाल करने की बात कहते हुए भाजपा को वोट देने की अपील की है।

## 23 दिन तक क्यों नहीं दी इंसुलिन, सीएम केजरीवाल की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों?', आप ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है, तभी बिना सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और इंसुलिन न देने के खिलाफ आम आदमी पार्टी डॉक्टर विंग और नेताओं प्रदर्शन किया।

आप डॉक्टर विंग ने भाजपा के खिलाफ जमकर की नारेबाजी और ह्यजेल का जवाब वोट सेह्ल देने के लिए लोगों को जागरूक किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है, तभी बिना सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है। भाजपा बताए, मुख्यमंत्री की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है और 23 दिन तक उन्हें इंसुलिन क्यों नहीं दी गई?।







दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 25 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# प्रचार के अंतिम दिन सभी लोकसभा उम्मीदवारों ने लगाए प्रचार में पूरे जोर

## अब समर्थकों से घिरे उम्मीदवार लगा रहे हैं कैलकुलेशन और स्कोर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव प्रचार तब ही शुरू हो गया था जब अधिसूचना जारी होने के बाद कांग्रेस, भाजपा और बसपा ने अपने-अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। गाजियाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस सपा गठबंधन से डॉली शर्मा को टिकट मिला। भाजपा ने यहां शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा उम्मीदवार बनाया।

बसपा ने यहां नंदकिशोर पुंडीर को लोकसभा का टिकट थमाया। सभी उम्मीदवारों ने अपने प्रचार में पूरे जोर लगाए और बुधवार को प्रचार के अंतिम दिन सभी उम्मीदवारों ने अलग-अलग तरह से प्रचार किया। शाम 5 बजते ही चुनाव प्रचार थम गया। भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने बजरिया गुरुद्वारे से अपना रोड शो शुरू किया और शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ पर रोड शो समाप्त किया। कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा ने भी अपने अंबेडकर रोड स्थित चुनाव कार्यालय से अपना रोड शो शुरू किया और उन्होंने भी शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए घंटाघर स्थित शहीद भगतसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ अपना रोड शो समाप्त किया।

वहीं बसपा उम्मीदवार ठाकुर नंदकिशोर पुंडीर ने धौलाना में फोकस किया और सभी उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार प्रचार किया। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद जहां चुनाव लड़वाने वाली टीम ने चुनाव यानी मतदान प्रबंधन का मोर्चा संभाला तो सभी उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थकों ने मतदान के कैलकुलेशन से लेकर वोट के स्कोर का एक खाका खींचना शुरू किया।

### अतुल गर्ग रहे सॉफ्ट और डॉली का रहा आक्रामक अंदाज तो नंदकिशोर पुंडीर का चला ठाकुर फैक्टर







करंट क्राइम। अतुल गर्ग लोकसभा चुनाव में अपने उसी अंदाज में रहे जिस अंदाज के लिए उन्हें जाना जाता है। हल्के-फुल्के हास्य परिहास के साथ उन्होंने पीएम-सीएम के नाम पर वोट मांगे और उनका अंदाज सॉफ्ट रहा। वहीं कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा आक्रामक अंदाज में दिखाई दीं। उन्होंने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए जबकि बसपा के उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर का चुनावी ट्रैक्टर धौलाना क्षेत्र में ठाकुर फैक्टर पर चलता रहा।

### कल होगा मतदान और 4 जून तक लगते रहेंगे चुनावी अनुमान

**करंट क्राइम।** बुधवार को शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम गया। टिकट घोषित होने के बाद से भागदौड़ कर रहे सभी उम्मीदवारों ने घर-घर, दर-दर, नगर-नगर, डगर-डगर वोट मांगे। कल मतदान होना है और 4 जून तक चुनावी अनुमान लगने हैं। प्रचार के अंतिम दिन जहां भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग का शक्ति प्रदर्शन जबर्दस्त रहा वहीं कांग्रेस की डॉली शर्मा ने सभी का ध्यान खींचा। बसपा के नंदकिशोर पुंडीर ने ठाकुर बेल्ट में ही डेरा डाला। अब 4 जून को नतीजा आना है और 26 अप्रैल के बाद अनुमान लगाने पर ही पूरा ध्यान होगा। इस जंग में भाजपा पहले ही आठ से दस लाख वोटों से चुनाव जीतने का दावा कर रही है। डॉली शर्मा का दावा वोटों को अपने पक्ष में लामबंद करने का है और बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर ने भी अपनी जीत के दावे किए हैं। हालांकि यहां 3 कार्यकाल से लगातार भाजपा का कमल खिल रहा है। अब 26 अप्रैल को जनता के मन का आदेश ईवीएम में कैद हो जाएगा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस कमिश्नर की फील्डिंग रही चुस्त





**करंट क्राइम।** मतदान कल होना है लेकिन पूरे चुनाव प्रचार से लेकर पोलिंग पार्टी के रवाना होने तक जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की थीम जबर्दस्त दिखाई दी। पोलिंग टीम लगातार काम कर रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे चुनाव प्रचार में आचार संहिता उल्लंघन के बहुत कम मामले दर्ज हुए। कहीं कोई वाद-विवाद नहीं दिखाई दिया। कानून व्यवस्था के मामले में पुलिस कमिश्नर का जलवा दिखाई दिया और पूरी टीमें मुश्तैद नजर आईं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की सभी से मतदान की अपील

### इन्द्र विक्रम सिंह बोले, लोकतंत्र महोत्सव में निभाएं अपनी भागीदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में गाजियाबाद के डीएम इन्द्र विक्रम सिंह अधिसूचना जारी होने के बाद से ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में उन्होंने मतदान के प्रति जागृति पैदा करने के लिए कभी बस चलाकर संदेश दिया, कभी फोटोग्राफी, तो कैंटीन में चाय बनाने के माध्यम से संदेश दिया। उनका पूरा प्रयास यह रहा है कि मतदान प्रतिशत बढ़े और अधिक से अधिक लोग मतदान करें। बुधवार को उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में एक बार सभी से मतदान की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि मतदान की अपील युवाओं से है, युवा वर्ग के कंधों पर देश की जिम्मेदारी है और ऐसे में मतदान करना युवा वर्ग की लोकतंत्र के महोत्सव में अपनी जिम्मेदारी है। देश के बुजुर्गों से भी यह अपील है कि वो देश के निर्माण में अपने मतदान के अधिकार के साथ आगे आएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नौकरीपेशा वर्ग से भी मतदान की अपील करते हुए कहा कि यह मौका 5 वर्ष में एक बार मिलता है। मतदान के लिए सरकार ने आपको अवकाश दिया है और आप मतदान जरूर करें। सभी धर्मगुरुओं से ये निवेदन है कि लोकतंत्र के महोत्सव में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें। सभी व्यापार करने वाले लोगों से मतदान की अपील की है कि आप पूरे 5 साल व्यापार करते हैं लेकिन एक दिन ऐसा मिलता है जब आप अपने मतदान से अपनी सरकार का निर्माण करते हैं। इस दिन मतदान करें और अपनी सरकार का निर्माण अपने वोट से करें। लोकतंत्र के महोत्सव में देश का हर नागरिक अपना योगदान दे।

#### हर दो घंटे में अपडेट होगा मतदान का प्रतिशत

**करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि हर दो घंटे में मतदान का प्रतिशत अपडेट होगा। उन्होंने बताया कि मतदाता प्रतिशत संकलन ऐप बनाया गया है। ये ऐप हर बीएलओ के फोन पर डाउनलोड है। हर दो घंटे में यह ऐप रियल टाइम सूचना देगा जिससे मतदान का प्रतिशत अपडेट होता रहेगा।

#### आईडी रखें पास और निजी वाहनों पर नहीं होगी रोक

करंट क्राइम। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि मतदान वाले दिन निजी वाहनों के आने-जाने पर कोई रोक नहीं होगी। इसके निर्देश सुरक्षाबलों को भी दे दिए गए हैं। इसके अलावा मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे लोगों को परेशानी न हो उसके लिए उन्हें पहले भी जानकारी दी गई है और फिर से बता रहे हैं कि वो मतदान केंद्र पर जाने से पहले अपने साथ अपनी आईडी रखें, जिनमें आधार कार्ड, बैंक पास बुक, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और ऑफिस आईडी सहित कई चीजें शामिल हैं।

## 7289 वोटर्स नहीं कर पाएंगे इस बार मतदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा सीट पर मतदान होना है लेकिन गाजियाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच विधानसभाओं में लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और आंशिक धौलाना के कुल 7289 ऐसे वोटर्स हैं जो इस बार लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह तीन श्रेणी के मतदाता हैं जो इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। इसमें करीब 722 ऐसे मतदाता हैं जो बीते कई सालों से अनुपस्थित चल रहे हैं। तो वहीं 3160 ऐसे मतदाता हैं जो अब एक जगह से दूसरी विधानसभा में शिफ्ट हो गए हैं और उनका वोट नहीं शामिल हो पाया है। इसके साथ ही 3406 ऐसे मतदाताएं हैं जिनका निधन हो चुका है। ऐसे में कुल मिलाकर एक बड़ी संख्या है जो इस बार मतदान से वंचित रहने वाली है।

### कुछ हैं अनुपस्थित तो कुछ का हो चुका है स्वर्गवास



### साहिबाबाद में सबसे ज्यादा, तो लोनी में सबसे कम हैं वोट न देने वाले वोटर्स

करंट क्राइम : प्रशासन से जो आंकड़ा प्राप्त हुआ है उसके अनुसार 7289 ऐसे वोटर्स हैं जो इस बार मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे। इसमें सबसे कम मतदाता लोनी विधानसभा 53 के हैं जिनकी कुल संख्या 1060 है। तो वहीं सर्वाधिक मतदाता ऐसे हैं जो मतदान नहीं करेंगे, वह साहिबाबाद 55 में आते हैं और उनकी कुल संख्या 1761 है। इसके साथ ही धौलाना आंशिक में 1370 तो गाजियाबाद विधानसभा सीट में 1669 और मुरादनगर में 1409 ऐसे मतदाता हैं जो इस बार वोटिंग वाली लिस्ट पर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर रहे हैं।

## चुनाव प्रचार थमते ही कमिश्नरेट में निकाला गया सुरक्षा बलों के साथ फ्लैग मार्च

### कोतवाली से लेकर कवि नगर तक पुलिस ने संभाली कमान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को शाम 5 बजते ही चुनाव प्रचार थम गया। तो वहीं ट्रांस हिंडन, ग्रामीण और सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले विजयनगर, घंटाघर कोतवाली, नंदग्राम, सिहानी गेट, मधुबन बापूधाम और कवि नगर थानाक्षेत्र में पुलिस बल और सुरक्षा बलों को लेकर प्रत्येक जोन के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में खुले वाहनों में सुरक्षा बलों ने हथियारों से लैस होकर लोगों को शांति व्यवस्था और सुरक्षा के बीच मतदान कराने का संदेश दिया। तो वहीं पुलिस के सायरन की आवाज पूरे इलाके में गूंजी। इस दौरान डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह और एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च के लिए निकले।

### जिले के बॉर्डरों पर बढ़ाई गई चौकसी

**करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को मतदान होना है और मतदान के लिए अब पुलिस और प्रशासन कानून व्यवस्था के साथ ही शांति के बीच मतदान कराने के लिए एक्टिव मोड में आ गया है। बुधवार को चुनाव प्रचार थमते ही गाजियाबाद की अलग-अलग सीमाओं से लगने वाले बॉर्डरों के थानाक्षेत्रों में पुलिस की चेकिंग और मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। डीसीपी ग्रामीण विवेद चंद यादव और डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि बॉर्डर से लगे थानों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग कराई जा रही है।

### अर्ध सैनिक बलों की हर थानाक्षेत्र में की गई है तैनाती

**करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए प्रत्येक थानाक्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती के आदेश आलाधिकारियों ने दे दिए हैं। वहीं खासतौर पर यहां वेब कास्टिंग भी की जाएगी ताकि किसी भी गड़बड़ी से बचा जा सके।

## हर घर मतदाता पर्ची पहुंचने में लोनी विधानसभा के अधिकारी रहे अव्वल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इस बार चुनाव आयोग का निर्देश था कि मतदाताओं के घर तक हर हाल में मतदाता पर्ची पहुंचे और इसका असर गाजियाबाद लोकसभा चुनाव पर भी अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिला है। अगर गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की बात की जाए तो लोनी विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों की बेहतर व्यवस्था और बीएलओ द्वारा घर-घर पर्ची पहुंचने का काम बेहतर ढंग से किया गया है। इसका परिणाम यह है कि यहां मतदाता पर्ची बंटवारे का काम 98.95 प्रतिशत रहा, जो सभी विधानसभाओं में सबसे अव्वल बताया जा रहा है। वहीं दूसरे नंबर पर साहिबाबाद विधानसभा का नाम आता है, जहां पर यह आंकड़ा 98.88 प्रतिशत रहा।

इसके बाद गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में 98.81% रहा। तो मुरादनगर में यह मतदाता पर्ची वितरित करने वाला आंकड़ा 98.26 प्रतिशत रहा। वहीं धौलाना आंशिक की बात की जाए तो यहां का प्रतिशत थोड़ा कम रहा, पर यहां पर भी पर्ची बंटवारे का जो प्रतिशत आया है वह 95.31% रहा है। कुल मिलाकर अगर पांचों विधानसभा क्षेत्रों के औसत प्रतिशत ही बात की जाए तो गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में 98.38 प्रतिशत मतदाताओं तक मतदाता पर्ची वाला वितरण कार्य संभव हो पाया है। इसके पीछे अधिकारियों का बेहतर पर्यवेक्षण और स्वीप से लेकर मतदाता जागरुकता अभियान की मेहनत कही जा सकती है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका रही प्रशंसनीय



**करंट क्राइम :** अगर गाजियाबाद के ओवरऑल मतदाता पर्ची वितरण को संभव बनाने की बात की जाए तो गाजियाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी और चीफ रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह इसमें अव्वल रहे। तो वहीं लोनी के एसडीएम और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर निखिल चक्रवर्ती की मेहनत का इस परिणाम में योगदान देखने को मिला है।

## संपादकीय

# मुइज्जू की जीत के मायने...

मालदीव में हुए संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की भारी जीत को कूटनीतिक हलकों में दिलचस्पी से देखा जा रहा है। समझा जाता है कि इस जीत के बाद राष्ट्रपति मुइज्जू भारत से दोस्ती की पारंपरिक नीति छोड़कर चीन से करीबी बढ़ाने की राह पर और तेजी से आगे बढ़ेंगे। इसके संकेत तभी से मिलने लगे थे, जब पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुइज्जू ने भारत विरोधी रुख अख्तियार करते हुए भारतीय सेना को मालदीव से निकालना मुख्य मुद्दा बना लिया था। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए। हालांकि भारतीय सैनिकों की वहां सांकेतिक उपस्थिति ही है। ये सैनिक उस टोही विमान की देखरेख करते हैं, जो नई दिल्ली ने मालदीव के विशाल तटीय क्षेत्रों की निगरानी के लिए उसे तोहफे में दिया है।

राष्ट्रपति मुइज्जू के स्पष्ट भारत विरोधी रुख के चलते रिश्तों में आ रहा तनाव उस समय अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान मालदीव के कुछ मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर कुछ भद्दी टिप्पणियां कर दीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर ऐसा अप्रिय विवाद शुरू हुआ, जिससे बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड करने लगा। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लिया, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि उस अभियान के बाद भारत से मालदीव जाने वालों की संख्या में इस कदर गिरावट आई कि जो भारत वहां विदेशी सैलानियों का सबसे बड़ा स्रोत हुआ करता था, वह छठे नंबर पर आ गया।

निश्चित रूप से यह घटनाक्रम भारत और मालदीव के रिश्तों के लिए अच्छा नहीं है। भारत के लिए चिंता की बात इसलिए भी है कि मालदीव हिंद महासागर का ऐसा द्वीपीय राष्ट्र है जो सामरिक लिहाज से खासा अहम है। वहां भारत विरोधी भावनाओं पर आधारित राजनीति का प्रभाव बढ़ना भारतीय हितों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। भारत फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति पर चल रहा है, जो ठीक ही है। ध्यान रहे, मालदीव करीब 1200 छोटे-छोटे द्वीपों का समूह है, जिनमें करीब 200 पर ही मानवीय आबादी है। यह दुनिया के उन देशों में है, जिनके समुद्री जलस्तर बढ़ने से लुप्त होने का सबसे ज्यादा खतरा है। भारत इसका सबसे करीबी पड़ोसी देश है, जहां से किसी भी तरह की आपात स्थिति में आसानी से मदद पहुंच सकती है। जरूरत पड़ने पर भारत ऐसी मदद करता रहा है।

जाहिर है, मुइज्जू सरकार के मौजूदा रुख को भू-राजनीति से जुड़ी वास्तविकताओं के मद्देनजर मालदीव के दीर्घकालिक हितों के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जाए कि जल्दी ही उसे इसका अहसास होगा और उसके रुख में अपेक्षित बदलाव आएगा।

# ईडी ने पात्रा चॉल मामले में जब्त की 74 करोड़ रुपये की संपत्ति




**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने पात्रा चॉल पुनर्विकास मामले में पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में प्रवीण राउत और उनके करीबी सहयोगियों की 73.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई शाखा ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पात्रा चॉल पुनर्विकास मामले में पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में प्रवीण राउत और उनके करीबी सहयोगियों की 73.62 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इस मामले में अब तक कुल 116.27 करोड़ रुपये की संपत्ति जब की जा चुकी है।

### क्या है पूरा मामला?

करीब 47 एकड़ की पात्रा चॉल महाराष्ट्र हाउसिंग एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) की है। इसमें 672 किराएदार रहते हैं। प्रवीण राउत ने गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए म्हाडा और किरादारों के साथ इसके पुननिर्माण के लिए एग्रीमेंट किया था।

उन्हें यहां फ्लैट्स बनाकर म्हाडा को हैंडओवर करने थे। ईडी के मुताबिक प्रवीण राउत और हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के राकेश कुमार वाधवा, सारंग वाधवा और गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन के अन्य निदेशकों ने इसकी जमीन के कुछ हिस्से को 1,034 करोड़ रुपए में दूसरे बिल्डर्स को गैरकानूनी ढंग से बेच दिया। आरोपों के मुताबिक ऐसा करने से पहले म्हाडा को वह फ्लैट्स भी नहीं हैंडओवर किए गए, जिसके बारे में समझौता किया गया था।

# 'चुनावी बॉन्ड मामले में कॉरपोरेट और नेताओं के बीच सांठ-गांठ की हो एसआईटी जांच', याचिका दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई एक याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया कि चुनावी बॉन्ड से जुड़े जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी



बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में कहा गया है कि यदि जांच में यह पता चले कि कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को दी गई राशि अपराध के जरिए अर्जित की गई है, तो उसे विभिन्न पार्टियों से वसूली का निर्देश भी अधिकारियों को दिया जाना चाहिए।

# कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है। मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था।

पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना



नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है।

### नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन

बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

## राशिफल

**मेष:** विवाद को बढ़ावा न दें। उत्तेजना पर नियंत्रण आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। घर में अशांति रहेगी।

**वृष:** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। मतभेद समाप्त होंगे।

**कर्क:** रुका हुआ धन मिल सकता है। भाइयों व पार्टनर से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**सिंह:** सुख के साधनों पर अतिव्यय हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बोलचाल में हल्की मजाक न करें। घर-बाहर तनाव रह सकता है।

**कन्या:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा से लाभ होगा।

**तुला:** भूले-बिसरे मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। दूसरों के काम की जवाबदारी न लें। प्रयास भरपूर करें, लाभ होगा।

**वृश्चिक:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आय में वृद्धि होगी। कोई बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**धनु:** शोक समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। शांति बनाए रखें।

**मकर:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बुद्धि व ज्ञान की वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। बड़ों की बात मानें, लाभ होगा।

**कुंभ:** पुराना रोग उभर सकता है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मीन:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

शौंटी उदास बैठा था...
मौंटी- क्या हुआ, उदास क्यों बैठा है?
शौंटी- क्या बताऊं यार, किसी ने कहा कि पेड़ से हमें 'शीतल छाया' मिलती है।
मैं यहां पेड़ के नीचे तीन दिन से बैठा हूं,
लेकिन न तो शीतल आयी और न छाया।

---

एक आदमी कॉकरोच को मार रहा था।
मरने से पहले कॉकरोच ने आदमी से आखिरी बार कहा- मार दे मुझे डरपोक कहीं के।
तू मुझसे इसलिए चिढ़ता है, क्योंकि तेरी बीवी मुझसे डरती है और तुझसे नहीं।

---

मटरू अपने दोस्त चिंटू को ज्ञान बांट रहा था
अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करो।
गहरी सांसें लो और जोर से कहो:
ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है...
इसलिए अगले साल फिर पढ़ेंगे...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।
- 30 से 35 मिनट की पढ़ाई के बाद 10 मिनट का ब्रेक लेने से पढ़ा हुआ याद रखने का सबसे कारगर तरीका है।
- जो लोग बाएं तरफ करवट लेकर सोते हैं उन्हें डरावने सपने देखने की संभावना, दाएं तरह करवट लेकर सोने वालों की तुलना में ज्यादा होती है।
- गहरी आंखों वाले लोग खेलने में ज्यादा अच्छे होते हैं और हल्के रंग की आंखों वाले लोग योजना बनाने में कारगर होते हैं।

# गर्मी में चुनावों के कारण इस साल चीनी की रिकॉर्ड खपत

## गन्ना किसानों को समय पर मिल सकता है भुगतान



**नई दिल्ली।** बलरामपुर चीनी मिल्स की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने कहा, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। इस बीच हो रही सियासी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटने से आइसक्रीम और शीतल पेय की खपत बढ़ गई है, जिससे चीनी की मांग औसत से ज्यादा है। भीषण गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से देश में इस साल चीनी की खपत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। अधिक खपत से न सिर्फ चीनी उत्पादक कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा बल्कि गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में मदद मिलेगी।

हालांकि, चीनी की मांग बढ़ने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लि. के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे ने कहा, गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से चीनी की मांग में असामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे इस साल चीनी की कुल खपत बढ़कर रिकॉर्ड 2.9 करोड़ टन पहुंच सकती है। 30 सितंबर को समाप्त विपणन वर्ष 2022-23 में कुल खपत 2.78 करोड़ टन रही थी।

रैलियों के कारण मांग औसत से ज्यादा बलरामपुर चीनी मिल्स की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने कहा, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। इस बीच हो रही सियासी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटने से आइसक्रीम और शीतल पेय की खपत बढ़ गई है, जिससे चीनी की मांग औसत से ज्यादा है।

### 75 लाख टन खपत का अनुमान

मुंबई स्थित एक डीलर ने बताया, मार्च के मध्य से जून तक गर्मी के महीनों में कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ जाती है। इससे देश में अप्रैल-जून के दौरान चीनी की खपत बढ़कर 75 लाख टन पहुंच सकती है। यह सालाना आधार पर 5 फीसदी ज्यादा है।

**तीन फीसदी बढ़े दाम :** बॉम्बे शुगर मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा, सरकार ने पिछले साल की तुलना में अप्रैल के लिए अधिक कोटा आवंटित किया है। लेकिन, थोक उपभोक्ताओं की मजबूत मांग से एक पखवाड़े में चीनी के दाम करीब तीन फीसदी बढ़ गए हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# गुजरात के खिलाफ पंत के नेतृत्व की होगी परीक्षा, ईशांत शर्मा की हो सकती है वापसी

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत की नेतृत्व क्षमता की बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मुकाबले में परीक्षा होगी। दिल्ली को अपने घरेलू मैदान में गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा होगी। दिल्ली को घर में अपने पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की हार का सामना करना पड़ा था, जबकि इससे पहले टीम दो मैच से जीतती आ रही थी।



**पंत से हुई थी रणनीतिक चूक**

हैदराबाद के खिलाफ कप्तान पंत ने कई रणनीतिक चूक की थी। उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ओस को लेकर अनुमान सही नहीं रहा। उन्होंने दूसरे ओवर में ललित यादव को गेंद थमा दी। इससे हैदराबाद को आक्रामक शुरूआत करने का मौका मिल गया। हैदराबाद ने पावरप्ले के पहले छह ओवरों में बिना क्षति के 125 रन का रिकॉर्ड स्कोर बना डाला। बाद में बल्लेबाजी में पंत 267 रन का पीछा करते समय 35 गेंद में 44 रन की पारी ही खेल पाए। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर को आक्रामक शुरूआत दिलाने की जरूरत थी लेकिन दोनों सफल नहीं हो सके। हालांकि युवा बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क ने 18 गेंदों पर 65 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पूरा समर्थन नहीं मिल पाया था। अभिषेक पोरेल ने 22 गेंदों पर 42 रन कुछ सहयोग करने का जरूर प्रयास किया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली थी।

**नॉर्त्जे की जगह ईशांत को मिल सकता है मौका**

फिरोजशाह कोटला मैदान की बाउंड्री छोटी है ऐसे में मेजबान टीम के गेंदबाजों की गुजरात के सामने भी परीक्षा होगी। इस सत्र में टीम के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे बिल्कुल भी फॉर्म में नहीं हैं। इस मैच में अनुभवी ईशांत शर्मा लौट सकते हैं जो पिछले मैच में पीठ में खिंचाव के चलते नहीं उतरे थे। स्पिनर कुलदीप यादव दिल्ली के इस सत्र में अब तक श्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। पांच मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं और उनकी इकॉनोमी रेट 7.60 की रही है। हैदराबाद के खिलाफ वह भी बेहतर नहीं कर पाए थे। उनकी आठ गेंदें ऐसी रही जिन पर रन नहीं बने लेकिन उनकी गेंदों पर सर्वाधिक सात छक्के भी लगे।

**गुजरात को कप्तान गिल से बड़ी पारी की आस**

शुभमन गिल की अगुआई में गुजरात टीम के प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है लेकिन पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट की जीत से टीम का मनोबल बढ़ा होगा। वह जीत की लय कायम रखना चाहेंगे। कप्तान गिल से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। साई सुदर्शन, डेविड मिलर और अजमतुल्लाह ओमरजेई भी बल्ले से योगदान देना चाहेंगे।

# 'दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग है आईपीएल', ऑस्ट्रेलियाई विश्व विजेता रिकी पोंटिंग हुए भारतीय लीग के कायल

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पुरानी फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग में से एक आईपीएल का 17वां सीजन खेला जा रहा है। इस लीग में दुनियाभर के क्रिकेटर खेलते हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के विश्व विजेता कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने भी इस टूनार्मेंट की जमकर सराहना की है और इसे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग करार दिया है। पोंटिंग ने कहा कि इस लीग से जैक फ्रेजर मैकगर्क जैसे प्रतिभाशाली युवाओं को काफी फायदा पहुंच रहा है।



**मैकगर्क ने हैदराबाद के खिलाफ खेली थी तूफानी पारी**

ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज मैकगर्क आईपीएल के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हाई स्कोरिंग मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 गेंदों पर 65 रनों की पारी खेली थी। हालांकि उनके आउट होते ही दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया था और टीम को उस मुकाबले में 67 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली के कोच पोंटिंग मैकगर्क की आतिशी पारी से आश्चर्यचकित हैं। 'युवाओं को आईपीएल से सीखना होगा' पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैकगर्क एक बेहद प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, लेकिन अभी पूरी तरह से परिपक्व नहीं है। उसे खेल के बहुत सारे पहलुओं में सुधार करना होगा। ऐसे खिलाड़ियों को आईपीएल से सीखना चाहिए क्योंकि यह लंबे समय से दुनिया की सबसे अच्छी घरेलू टी20 लीग है। हैदराबाद के खिलाफ मैकगर्क ने 18 गेंदों पर 65 रन बनाए, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि वह उस पारी से सीखे। मैकगर्क को शतक लगाने की जरूरत है, जैसा कि यशस्वी जायसवाल ने किया था। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जब बड़ा स्कोर बनाने का मौका मिलता है तो इसका फायदा उठाना चाहिए। मैच जीतने या हारने में इससे बड़ा असर पड़ता है।

**पोरेल के समर्थन में आए पोंटिंग**

पोंटिंग ने इसके साथ ही युवा बल्लेबाज अभिषेक पोरेल की भी बात की जो कुछ मैचों में दिल्ली के लिए इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतर रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, हमने कुछ मौकों पर पोंटिंग को तीसरे नंबर पर उतरते हुए देखा है। मुझे लगता है कि वह भविष्य का स्टार खिलाड़ी है। पोरेल हर दिन सीखते हैं और वह अपनी ट्रेनिंग से सीख ले रहे हैं। पोरेल खेल के विभिन्न चरणों को समझ रहे हैं।

# मैच से पहले अनोखे अंदाज में साथी खिलाड़ियों को मोटिवेट करते दिखे पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बल्लेबाज को अपने साथी खिलाड़ियों को अनोखे अंदाज में प्रोत्साहित करते देखा जा सकता है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच बुधवार को आईपीएल 2024 का 40वां मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच से पहले दोनों टीमों को अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस करते देखा गया। इस दौरान शॉ ने साथी खिलाड़ियों का भरपूर मनोरंजन किया।



**दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात** टाइटंस के बीच अब तक चार मुकाबले खेले गए हैं। इनमें दो-दो मैच दोनों टीमों ने जीते हैं। 24 अप्रैल को खेले जाने वाले मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल मैच खेलते देखा जा सकता है।

**दिल्ली कैपिटल्स ने साझा किया वीडियो**

इस वीडियो में शॉ कहते दिखते हैं मेरे लगान के भाईयों। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय टीम के साथी आपस में लड़ रहे थे।

ऐसा लग रहा था कि भारतीय खिलाड़ी विदेशी सितारों के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष कर रहे थे क्योंकि वे खेल में पिछड़ रहे थे। हालांकि, इससे निराश होने के बजाय, शॉ मस्ती में कमेंट्री करते दिख रहे थे।

**शॉ का प्रदर्शन**

आईपीएल 2024 में शॉ अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। अब तक खेले गए छह मैचों में उन्होंने 174 रन बनाए हैं। वहीं, उनका स्ट्राइक रेट 162.62 का रहा है। आज के मैच में दिल्ली कैपिटल्स गिल की टीम के खिलाफ जीत के साथ जीत की पटरी पर वापसी करना चाहेगी। दिल्ली ने अब तक इस टूनार्मेंट में आठ मैच खेले हैं। इनमें सिर्फ तीन मुकाबलों में टीम को जीत मिली है।

# जय शाह, युवराज सिंह से लेकर क्रिकेट जगत ने दी सचिन को बधाई

क्रिकेट के भगवान कह जाने वाले पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), सचिव जय शाह और पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह सहित समूचे क्रिकेट जगत ने सचिन को जन्मदिन की बधाई दी है।

**'सचिन ने लोगों को प्रेरित किया'**

'बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सचिन ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, क्रिकेट के लेजेंड सचिन तेंदुलकर जन्मदिन की बधाई। सचिन ने अपने बल्ले और मैदान के बाहर व्यवहार से लाखों लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। मास्टर ब्लास्टर को हार्दिक बधाई।' युवराज ने भी वीडियो शेयर करते हुए सचिन को बधाई दी। इस वीडियो में युवराज अपने और सचिन के बारे में बात करते दिख रहे हैं। आइए देखें क्रिकेट जगत के किन खिलाड़ियों ने मास्टर ब्लास्टर को दी बधाई।

**सचिन के नाम है कई उपलब्धियां**

मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल की। उनके कई रिकॉर्ड अब तक सलामत हैं और दुनिया का कोई बल्लेबाज उनके इन रिकॉर्ड्स के करीब भी नहीं पहुंच सका है। सचिन ने 15 नवंबर 1989 को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और उन्होंने अपने करियर में कुल 200 टेस्ट मैच खेले। सचिन सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.52 के औसत से 34357 रन बनाए हैं। सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। इतना ही नहीं सचिन ने सबसे ज्यादा 100 शतक लगाए हैं और कोई भी बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सका है। सचिन 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हैं। उन्होंने अपने करियर में 1992 में पहली बार विश्व कप में हिस्सा लिया था और वह छह बार इस वैश्विक टूनार्मेंट का हिस्सा रहे। आईपीएल में भी सचिन 2008 से 2013 तक खिलाड़ी के तौर पर जुड़े रहे और वह 2013 में आईपीएल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। सचिन ने नवंबर 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को



# ऋतुराज ने शतक लगाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई

## महेंद्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ा





**चेन्नई।** आईपीएल 2024 के 39वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से हुआ। इस मैच में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल के इस सीजन में अपना पहला शतक जड़ा और उनकी पारी की बदौलत चेन्नई ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 210 रन बना दिए। ऋतुराज ने 108 रन की नाबाद पारी में 60 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के लगाए। उनका अच्छा साथ शिवम दुबे ने दिया जिन्होंने अपनी तेजतर्रार 66 रन की पारी में 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के जड़े। ऋतुराज और दुबे ने चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 104 रन की साझेदारी की। टीम के दिग्गज बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी एक गेंद खेलकर चार रन पर नाबाद रहे। लखनऊ के लिए मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर को एक-एक विकेट मिला।

**28 गेंदों में गायकवाड़ का अर्धशतक :** गायकवाड़ ने क्रुणाल की गेंद पर एक रन लेकर 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 50+ का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था। यह आईपीएल में बतौर ओपनर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज का 17वां 50+ का स्कोर रहा। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50 से अधिक का स्कोर बनाने के मामले में शीर्ष पर आ गए हैं। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस को पीछे छोड़ दिया। डुप्लेसिस ने 16 बार ऐसा किया था। ऋतुराज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बतौर ओपनर 2000 रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बने। वहीं, आईपीएल में बतौर ओपनर 2000 रन पूरे करने वाले 21वें खिलाड़ी बने। जडेजा और गायकवाड़ ने संभलकर खेलते हुए टीम के 10 ओवर में दो विकेट पर 85 रन पूरे कर दिए। टीम के 100 रन भी 12वें ओवर में पूरे हुए। इस बीच, जडेजा रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और इसका फायदा उठाते हुए जडेजा लंबे शॉट के प्रयास में मोहसिन की गेंद पर विकेटकीपर राहुल को कैच दे बैठे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 52 रन की साझेदारी निभाई। 15 ओवर तक चेन्नई ने तीन विकेट खोकर 135 रन बनाए थे।

**56 गेंदों में ऋतुराज ने पूरे किए 100 रन :** ऋतुराज ने 18वें ओवर में यश की गेंद पर चौके के साथ 56 गेंदों में शतक जड़ा। उन्होंने इस ओवर में एक छक्का, दो चौके लगाए। इस ओवर में चेन्नई 18 रन बटोरने में सफल रहा। आईपीएल में उनका दूसरा शतक रहा।

ऋतुराज ने दोनों शतक चेन्नई के लिए ही लगाई हैं। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में मुरली विजय और शेन वॉटसन के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए।

# ईरानी फुटबॉलर ने महिला फैन को लगाया गले, क्लब ने निलंबित कर लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली।** ईरान के इंटरनेशनल गोलकीपर होसैन होसैनी को ईरान प्रो लीग मैच के बाद अरक स्टेडियम में एक महिला फैन को गले लगाना भारी पड़ गया। जिसके बाद फुटबॉल क्लब ने निलंबित कर जुमार्ना ठोका है। वह फैन, जिसने हिजाब पहन रखा था, होसैन होसैनी तक पहुंचने में कामयाब रही और खिलाड़ी ने उसे गले लगा लिया। अब इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दैनिक खबर वरजेशी की रिपोर्ट के अनुसार होसैनी जीनके पास ईरान के लिए 11 कैप हैं, उनको मैच सुरक्षा अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया और 4.400 यूरो का जुमार्ना लगाया गया।

# कुलदीप यादव का बड़ा खुलासा : केकेआर के साथ रहने पर हुआ पछतावा ?

**नई दिल्ली।** भारतीय चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव आईपीएल के मौजूदा सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तो उनके प्रदर्शन में गिरवाट आई थी, लेकिन दिल्ली से जुड़ने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से ना सिर्फ दिल्ली का दिल जीता बल्कि राष्ट्रीय टीम में भी जगह सुनिश्चित की।

**केकेआर में रहने के दौरान नहीं कर पा रहे थे प्रभावशाली प्रदर्शन**

कुलदीप केकेआर के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे और 2019 से 2021 तक उनका मनोबल काफी गिरा हुआ था। उस दौरान कुलदीप चोट की समस्याओं से भी घिरे हुए थे। हालांकि ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के बाद कुलदीप के प्रदर्शन में सुधार देखने मिला। कुलदीप 2022 सीजन से अब तक 33 आईपीएल मैचों में 41 विकेट ले चुके हैं। कलाई के इस स्पिनर ने अब केकेआर में रहने के दिनों को याद किया और इस बात से निराश हुए कि वह उस दौरान इतने परिपक्व नहीं थे। अब मार्गदर्शन की जरूरत नहीं कुलदीप ने बताया कि 2020 में घुटने के ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में उन्होंने अभ्यास किया जिसका फायदा मिला। उन्होंने कहा, जब मैं केकेआर में था तो मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। धोनी भाई ने 2019 के बाद भारत के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत हुई। अब अनुभव के साथ मैं चीजों को बेहतर तरीके से समझने लगा हूं। मैं केकेआर के लिए 2016 से 2020 तक खेला और अभी भी मुझे अपने उस समय पर पछतावा है। मुझे लगता है कि जो कुछ भी अभी कर रहा हूं काश पहले ही इसे कर पाता। मुझे दुख होता है कि अगर मैंने उस समय उन कौशलों पर काम किया होता तो मैं और भी अधिक प्रभावी हो सकता था।



**पर्पल कैप में दौड़ में शामिल हैं कुलदीप**

कुलदीप इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और वह पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हैं। कुलदीप मौजूदा सीजन में पांच मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में बेहतर प्रदर्शन किया था और उस मैच में दिल्ली की वापसी कराई थी।

# कैमरामैन पर गुस्सा हुए एमएस धोनी, दिखाई बोतल

**चेन्नई।** आईपीएल में जब भी स्क्रीन पर महेंद्र सिंह धोनी का चेहरा आता है तो दर्शकों का जोश हाई हो जाता है। मौजूदा आईपीएल सीजन में भी हर मैदान पर यही देखा गया है, लेकिन सोमवार को चेपॉक पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपरजाएंट्स के बीच मैच के दौरान एक ऐसा वाक्या देखने मिला जिसे देखकर सभी हैरान थे। सीएसके की पारी के दौरान जब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के बीच शानदार साझेदारी चल रही थी, उसी वक्त कैमरामैन ने धोनी की तरफ कैमरा जूम किया। धोनी कैमरामैन पर नाराज हुए और उन्होंने बोतल दिखाकर कैमरा हटाने के लिए कहा।

**ऋतुराज और शिवम ने खेली शानदार पारी**

लखनऊ के खिलाफ मैच के दौरान ऋतुराज का बल्ला जमकर चला। ऋतुराज गायकवाड़ ने मौजूदा सत्र में अपना पहला शतक जड़ते हुए चेन्नई को 20 ओवर में चार विकेट पर 210 रन तक पहुंचाया। ऋतुराज ने 108 रन की नाबाद पारी में 60 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के लगाए। उनका अच्छा साथ शिवम दुबे ने दिया जिन्होंने अपनी तेजतर्रार 66 रन की पारी में 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के जड़े। ऋतुराज और दुबे ने चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 104 रन की साझेदारी की।



**धोनी को देखने के लिए बेताब रहते हैं फैंस**

किसी भी स्टेडियम पर मैच देखने आने वाले दर्शकों तीन समय काफी ज्यादा उत्साहित होते हैं। आमतौर पर जब कोई बल्लेबाज बाउंड्री लगाता है या विकेट गिरता है तो दर्शक जोश से भर जाते हैं, लेकिन धोनी के मैदान पर आने या स्क्रीन पर उनकी झलक दिख जाने पर भी फैंस अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाते हैं।

# धोनी के दिए मंत्र से ही सीएसके पर भारी पड़े स्टोइनिस ?

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम लखनऊ सुपरजाएंट्स को जीत दिलाने वाले मार्कस स्टोइनिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। लखनऊ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें स्टोइनिस बता रहे हैं किस तरह महेंद्र सिंह धोनी ने उन्हें बड़े मैचों में किस तरह खेलना चाहिए उसका राज बताया था और स्टोइनिस ने सीएसके के खिलाफ ही उसका इस्तेमाल किया। स्टोइनिस की नाबाद शतकीय पारी की मदद से लखनऊ ने चेन्नई को उसके घरेलू मैदान चेपॉक पर छह विकेट से मात दी थी।

**स्टोइनिस की ऐतिहासिक पारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने चार विकेट पर 210 रन बनाए थे। सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 108 रन की पारी खेली थी। जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के लिए स्टोइनिस ने नाबाद 124 रन की पारी खेली, जो आईपीएल रन चेज में किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2011 में पंजाब किंग्स के पॉल वालथाटी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मोहाली में चेज करते हुए नाबाद 120 रन बनाए थे। वहीं, यह लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है।




**'खुद को नहीं बदलने की दी थी सलाह'**

लखनऊ सुपरजाएंट्स ने सीएसके के खिलाफ मैच के बाद एक वीडियो शेयर किया जिसमें स्टोइनिस बता रहे हैं कि धोनी ने एक बार फिर क्या सलाह दी थी। वीडियो में स्टोइनिस ने कहा, धोनी ने मुझे एक बात कही थी, उन्होंने कहा था कि बड़े मैचों में सभी सोचते हैं कि उन्हें कुछ अतिरिक्त करना होगा और उन्हें कुछ अलग करना चाहिए। धोनी के बताए मंत्र अभी भी मौजूद हैं और उन्होंने कहा था कि सभी बदलते हैं, लेकिन मैं एकमात्र खिलाड़ी हूं जो नहीं बदला और यही बात उन्हें सबसे आगे करती है।

# दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था।

पिछले साल क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। टूनार्मेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है। पुरुषः तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख। महिलाः दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।





## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अतुल गर्ग के रोड शो में झोंकी ताकत



**लोनी (करंट क्राइम)।** बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन मे रोड शो का आयोजन हुआ जो लोनी बार्डर पैट्रोल पंप से चुनाव कार्यालय लोनी तक हुआ। रोड शो में गरिमामयी उपस्थिति लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर की रही तथा प्रत्याशी के सुपुत्र गौरव गर्ग, रचित गर्ग भी मौजूद रहे। सैकड़ो मोटरसाइकिल एवं हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के झंडे लेकर कमल के फूल पर वोट डालने के लिए लोनी वासियों से अपील की। और भारतमाता की जय एवं भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाए। रोड शो में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन डॉक्टर विनोद बंसल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो आर्यन त्यागी, लोनी के सभासदगण अर्जुन नागर, राजेश सोम, ओबीसी मोर्चा सचिन जांगडि, महिला मोर्चा की टीम, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक प्रदीप गहलोत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विपिन कसाना, भाजयुमो जिला महामंत्री राम अवतार शर्मा, टीटू ठाकुर, विजय मिश्रा, नरेश पोद्दार, प्रशांत झा, अल्पसंख्यक मोर्चा, मंडलों के अध्यक्ष, मीडिया प्रबंधन एवं समस्त पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत में युवक और उसके परिजनों को पीटा

**लोनी करंट क्राइम।** खेत में गेंहू काटकर रहे युवक और उसके परिजनों ने साथ दबंगों ने सरियों और डंडों से मारपीट। युवक ने इंस्टाग्राम पर मौसी की फेक आईडी बना ली और अभद्र टिप्पणी की। जिसको लेकर दोनो के बीच विवाद हुआ था।

लोनी थाने के चिरोडी गांव निवासी धर्मवेश ने बताया कि 22 अप्रैल की शाम वह अपने परिजनों के साथ खेत में गेंहू की कटाई कर रहा था। इसी दौरान बुसी उर्फ नितिन, सूरज और मोनू पाल ने लाठी डंडों और सरियों से उनके ऊपर हमला बोल दिया। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीडित ने बताया कि बुसी ने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उसकी मौसी पर अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर मारपीट की।

## बृज विहार मार्केट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से किया जनसंपर्क

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में वार्ड 68 की मार्केट में व्यापारियों से डोर 2 डोर जनसंपर्क कर वोट की अपील की। ओर व्यपारियों से अधिक से अधिक मतदान करने व कराने की अपील की। पूर्व पार्षद पूनम त्यागी ने कहा कि हमे विश्वास है कि गाज़ियाबाद समेत पुरे देश में पुनः फिर से एक बार कमल खिलेगा, और भारतीय जनता पार्टी 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करेगी। कार्यकारणी सदस्य बॉबी त्यागी ने कहा कि बृज विहार मार्केट में पहली बार भाजपा कार्यकताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान किया गया है। वही व्यापारियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद पूनम त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेष शर्मा, महानगर कार्यकारिणी सदस्य बॉबी त्यागी, महानगर कार्यकारिणी सदस्य विक्रम चौधरी, अजय त्यागी, संजीव, अजय, काशी, राजेश चौधरी, कार्तिक त्यागी, राजेश कुशवाहा, रोशन पंडित, गीता सिंह पुष्पा नौटियाल, शिवा राणा, पिंकी, जी, उषा रावत आदि मौजूद रहे।





## वाहन की टक्कर से युवक की मौत, भाई घायल




**हापुड़।** कोतवाली हापुड़ नगर क्षेत्र के अंतर्गत निजामपुर एनएच-9 बाईपास पर अज्ञात वाहन ने गंगा स्नान कर घर लौट रहे बाइक सवार दो भाइयों में टक्कर मार दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। जिला गाजियाबाद के साहिबाबाद के मोहल्ला डिफेंस कालोनी निवासी विनीत (23) पुत्र अनार सिंह अपने छोटे भाई आकाश (22) के साथ बुधवार की सुबह करीब सवा सात बजे बाइक से गंगा स्नान कर घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक निजामपुर एनएच-9 बाईपास पर पहुंची तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें विनीत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी। मृतक के जीजा बब्लू ने बताया कि विनीत चार भाई बहनों में पहले नंबर का और अविवाहित था। वह अपनी कार को किराए पर चलाता था। विनीत की मौत की खबर से उसकी मां रजनी का रो रोकर बुरा हाल था। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्षद सतेंदर चौधरी से साथ किया डोर- टू- डोर जनसंपर्क

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 54 सेक्टर 13 में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में घर-घर जाकर लोगों से वोट मांगे और अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने अपील की। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हमशक्ल के साथ प्रचार किया। उन्होंने देखने के लिए लोगों में उत्साह देखने को मिला। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वसुंधरा मंडल में भाजपा कार्यकर्ता घर से निकाल कर लोगों को बीच जाकर सरकार की नीतियों के बारे में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील कर रहे हैं इस बार वसुंधरा मंडल में अधिक से अधिक मतदान करने का काम भाजपा कार्यकर्ता करेगा। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि जिन्होंने हमें श्री राम मंदिर दिया हैं हम उनको ही वोट देकर इस बार पीएम बनेंगे। उन्होंने कहा अयोध्या में राम मंदिर वर्षों बाद हम लोगों को भाजपा सरकार नहीं दिया है 370 हटाकर ऐतिहासिक काम किया है, इस बार पहले से भी ज्यादा सीटों से बीजेपी जीत कर आ रही है।





## मोबाइल वापस मांगने पर युवक से मारपीट

**लोनी करंट क्राइम।** दंबग ने कॉल करने के बहाने युवक का मोबाइल ले लिया और उसे वापस नही लौटाया। युवक ने मोबाइल वापस मांगा तो उसके साथ मारपीट की। पीडित की मां ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने की निशांत कॉलोनी निवासी राजवती का आरोप है कि 19 अप्रैल को कॉलोनी में ही रहने वाले विजय ने उसके बेटे अंश से उसका मोबाइल एक कॉल करने के लिए मांग लिया, लेकिन वापस नही किया। अंश ने मोबाइल वापस मांगा तो अपने दो साथी मौके पर बुला लिए तथा उसके साथ मारपीट कर मोबाइल लेकर चले गए। पीडिता की मां राजवती ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मास्टर जितेंद्र सेन के परिवार ने किया भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद भोपुरा मंडल के वार्ड 29 में भाजपा भोपुरा मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा एवं जिला सदस्य एनवाईके खेल मंत्रालय भारत सरकार मास्टर जितेंद्र सेन के परिवार ने व्हाइट हेवन फार्म हाउस में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन कराया। सतीश सेन, दिनेश (काले) चंदेला, रामावतार, कृष्ण कुमार, निमेष, भोपुरा मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना, राजकुमार चंदेला, मनोज कसाना, बबीता कसाना, सुदेश, राजकुमारी, बिजनेस पाठक, आशीष भारद्वाज, ब्रह्मपाल चंदेला एवं सेवादार तथा कई हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बदमाश 50 हजार रुपए की नकदी भरा बैग ले उड़ा

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर स्कूटी सवार बदमाशों ने सेल्समैन से नोटों से भरा बैंग चोरी करने का मामला सामने आया है। गंगनहर घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की घटना कैद हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। मोदीनगर की आदर्शनगर कॉलोनी निवासी गौरव माहेश्वरी सेल्समैन का काम करते है। उन्होने बताया कि बुधवार शाम को मुरादनगर गंगनहर घाट पर गोलू की दुकान से सिगरेट की पेमेंट लेने गये थे। बाइक दुकान के पास ही खड़ी थी। जिस पर सामान से भरा बैग रखा था। इसी बीच किसी ने बाइक से बैग चोरी कर लिया। गंगनहर घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो देखा एक युवक पैदल आया और बाइक से बैग उठाकर ले जा रहा है, कुछ दूरी पर उसके दो साथी स्कूटी लेकर खड़े है, चोर अपने दो साथियों के साथ स्कूटी पर बैठकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फूटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### नहर में डूबा युवक ,तलाश जारी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में नहर में नहाते समय एक युवक डूब गया। एनडीआरएफ के गोताखोर युवक की तलाश कर रहे है। जिला मेरठ के सरधनला निवासी 20 वर्षीय रिहान पुत्र मोहम्मद ताहिर अपने साथियों के साथ मंगलवार शाम को मुरादनगर गंगनहर में नहाने के लिए आए थे। रिहान नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। अपने आप को डूबता देखकर उसने शोर मचाया। वहां पर मौजूद लोगों ने रिहान को बचाने का भरकस प्रयास किया ,लेकिन वह पानी के तेज बहाव में बह गया। बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने रिहान की तलाश में सर्च अभियान चलाया। लेकिन अभी तक उसका पता नही चल सका है।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ रूपनगर कॉलोनी निवासी सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी से बरामद बाइक दिल्ली से चोरी की गई थी। आरोपी के विरुद्ध लोनी थाने में चोरी, अवैध शराब, मादक पदार्थो की तस्करी के करीब 15 मुकदमे दर्ज है।

## कातिलाना हमले का आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने युवक पर चाकू से कातिलाना हमला करने के एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि उसके दो साथी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि 22 अप्रैल की शाम 4.30 बजे चिरोडी पेट्रोल पम्प पर बागपत जनपद के रटौल गांव निवासी सुहैल पर लोनी के जमालपुरा मौहल्ला निवासी शानू ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शानू को शक था कि सुहैल उसकी पत्नी से मोबाइल पर बात करता है। जिसको लेकर वह उससे रंजिश रखता था। सुहैल के चाचा सुल्तान ने शानू और दो उसके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध लोनी थाने में कातिलाना हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार रात शानू को चिरोडी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद हो गया है। जबकि उसके साथी फरार हैं।




## चुनावी फूड पैक रहेगा जायकेदार



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत लोकसभा का पहला चुनाव हो रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कमिश्नरेट में थ्री और टू-स्टारों के साथ अधिकारियों ने चुनावी ब्रीफिंग वाली मीटिंग की। मीटिंग सिटी जोन के एरिया वाले एक सरकारी ऑडीटोरियम में रखी गई थी। सूत्र बता रहे हैं इसमें कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को ठीक प्रकार से अपनी ड्यूटी निभाने और अत्याधिक ईमानदारी के साथ करने का निर्देश दिया है। तो वहीं बूथ के 200 मीटर के एरिया को भी क्लीन रखने का निर्देश दिया गया है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन जो पुलिस का फूड पैक रहेगा, वह इस बार सॉलिड रहने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि कई थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में पुलिस फोर्स और बाहर से आए सुरक्षा बलों के लिए जो फूड पैक तैयार करवाने का निर्देश दिया है, उसमें जायकों के साथ पोशक पदार्थ भी रखे जाने का प्लान बनाया है। जानकारी मिली है कि फूड पैक में कहीं पर पक्का खाना तो कहीं कच्चा खाना रहेगा। सुनने में आ रहा है कि कई थानाक्षेत्रों में फूड पैक के भीतर पुलाव, सलाद, पनीर की डिश, दही, मट्ठा और ठंडे पानी की बोतल का भी प्रबंध रहेगा। वहीं कई फूड पैक के लिए पूड़ी सब्जी, मिक्स वेज और मिठाई का भी प्रबंध देखने को मिलेगा। कमिश्नरेट वाले सूत्रों से सुनने में आया है कि कई थानों के प्रभारियों के यहां तो भोजन का ऑर्डर भी बल्क में दिया गया है। वहीं बुधवार को चुनावी ब्रीफिंग के दौरान भी पिंक डिब्बे के भीतर के फूड पैक की जमकर चर्चा सुनाई दी है। इसमें बिस्कुट से लेकर व्हाइट सैंडविच और गार्लिक ब्रेड का टेस्ट कई अधिकारियों की जुंबा पर छाया है ऐसा सुनने में आ रहा है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 तारीख को पुलिस के लिए पानी का भी अलग से बंदोबस्त किया गया है। वहीं कई थानाक्षेत्रों में एडवांस में ही पानी की बोतलों का ऑर्डर दे दिया गया है ताकि फोर्स को भीषण गर्मी के दौरान परेशान ना होना पड़े। सूत्र बता रहे हैं कि कई जगह गुलाब जामुन और बंगाली रसगुल्ले भी ड्यूटी वाले पैक में रखे जाएंगे। देखना होगा कि क्या इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को फूड पैक क्वालिटी की वजह से तो मतदान वाले दिन टीआरपी ना मिल।

## पुराने मालिक से रंगदारी मांगने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

### सिहानी गेट पुलिस ने फिर किया सनसनीखेज मामले का खुलासा



● एसीपी और डीसीपी की टीम ने लिया था केस ओपन का चैलेंज

**गजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र में बड़े आभूषण कारोबारी से 2 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पिता करीब 8-9 साल पहले कारोबारी के यहां काम किया करता था। मंदी के कारण आरोपी को नौकरी से निकाल दिया था। आरोपी के ऊपर मकान का लोन था जिसके लिए उसने दो करोड़ की रंगदारी मांगी। आरोपी अनपढ़ है और उसने बोल-बोल कर अपने बेटे से रंगदारी का लेटर लिखवाया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया है की टीवी पर आने वाले क्राइम शो को देखकर इनको यह आइडिया आया था।

### सीसीटीवी में कैद हो गया था आरोपी

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया की 21 तारीख को थाना सिहानी गेट के रहने वाले राजेश गोयल के पास 2 करोड रुपए की रंगदारी का खत आया था। जिसमें लिखा था कि अगर रंगदारी नहीं दी गई तो उनको और उनके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने आलमगीर और दानिश को गिरफ्तार किया है। दोनों पिता पुत्र हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पहले राजेश गोयल के यहां पेंट फैक्ट्री में काम करते थे।

### क्राइम शो देखकर रची थी साजिश

**करंट क्राइम।** एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने बताया है कि जहां आरोपियों को मंदी के कारण 2019 में निकाल दिया गया था। आलमगीर पर मकान के लोन का करीब 90,000 बकाया है। आलमगीर अनपढ़ है और उसने रंगदारी का लेटर अपने बेटे दानिश से बोल-बोल के लिखवाया था। खत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सीसीटीवी और अन्य साधनों से पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है टीवी पर आने वाले क्राइम शो को देखकर दोनों ने यह साजिश रची थी। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, दुर्गेश शर्मा को बनाया गया ब्रांड एम्बेसडर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है 'नगरपालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतुं नगरवासियो को जागरूक/उत्साहित करने हेतु ब्रांड एम्बेसडर के रूप में दुर्गेश शर्मा एवं दीपक गुप्ता को चयन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद मुरादनगर द्वारा किया गया।



## महिला से मारपीट के आरोपी को जेल भेजा

**लोनी (करंट क्राइम)।** घर के बराबर में पेशाब करने का विरोध करने पर युवक और उसके साथी ने महिला के साथ गालीगलौच और मारपीट की। पुलिस ने पीडिता शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने मंगलवार रात पुलिस को सूचना दी कि उसके पडोस में रहने वाला नदीम घर के बराबर में खाली प्लाट में पेशाब कर रहा था, महिला ने उसका विरोध किया तो वह आग बबूला हो गया तथा अपने साथी सदीम के साथ मिलकर महिला के साथ गालीगलौच तथा मारपीट की। पीडिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को नदीम को जेल भेज दिया है।

## सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने किया नीलमणि कालोनी में डोर - टू - डोर जनसम्पर्क





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी सुभाष पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा के प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने बुधवार को अपने लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जाकर रैपिड फायर की तर्ज पर जनसम्पर्क किया। गाजियाबाद की नीलमणि कालोनी में घर-घर जाकर सुभाष पार्टी के समर्थकों ने अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। प्रचार के दौरान महिलाओं-बुजुर्गों और युवाओं समेत समाज के प्रत्येक व्यक्ति का समर्थन सुभाष पार्टी को प्राप्त हुआ और जनता ने भी अलमारी निशान पर बटन दबाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

### गाजियाबाद की जनता इस बार अलमारी का बटन दबा कर बदलाव की बयार चलाएगी : अशोक श्रीवास्तव

मीडिया से बात करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि जनता इस बार सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी पर विश्वास जता रही है। ये चुनाव महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के मुद्दे पर हो रहा है जिसमें सत्ताधारी दल पूरी तरह से विफल रहा है इसीलिए इस बार गाजियाबाद सुभाष पार्टी को अवसर देने जा रहा है। गाजियाबाद की जनता इस बार अलमारी का बटन दबा कर बदलाव की बयार चलाएगी। इस मौके पर अनिल सिन्हा (प्रभारी) विनोद अकेला, संजय श्रीवास्तव, रामनरेश ठाकुर, उर्मिला पटेल, देवेंद्र, संजय पासवान, गोरख पासवान, देवेंद्र सिंह, रामपुकार शाह, महेंद्र पासवान, साजिद, जीतराम, सतपाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## युवती से तीन बदमाशों ने लूटा मोबाइल, रिपोर्ट दर्ज



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर हिसाली मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने युवती से मोबाइल व नकदी लूट ली। बाइक सवार बदमाश युवती को धक्का देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सूर्या विहार कॉलोनी निवासी तिलक मंजरी सिंह हिसाली मार्ग स्थित पावन चितंन धारा में साधक है। मंगलवार को वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए आई थी। वह पैदल ही आश्रम में जा रही थी। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग से हिसाली मार्ग पर रेलवे फाटक के पास के पास पहुंची तो बाइक सवार तीन बदमाश आए और युवती के साथ से हाथ से मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर काफी देर तक छीनछपटी होती रही है। बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गए। युवती ने बताया कि मोबाइल के कवर में एटीएम कार्ड व दो हजार रुपए की नकदी थी। सरेआम हुई लूट की घटना के बाद पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लग गए है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा मुरादनगर मेट्रो स्टेशन के पास रहने वाले राशिद का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अमेरिकी संसद में यूक्रेन-इस्राइल के लिए 95 अरब डॉलर का पैकेज मंजूर

**वाशिंगटन।** कई महीनों के इंतजार के बाद अमेरिकी संसद के उच्च सदन-सीनेट में यूक्रेन-इस्राइल की सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। अमेरिका के उच्च सदन में मंगलवार को 79 विधायकों ने इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 18 इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते यह विधेयक अमेरिकी संसद के निचले सदन-हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हुआ था। तब रिपब्लिकन नेताओं ने अचानक से अपना रुख बदल लिया और यूक्रेन, इस्राइल एवं ताइवान के लिए 95 अरब डॉलर की ज्यादातर सैन्य सहायता पर अपना समर्थन दिया। बता दें कि सीनेट ने चार विधेयकों को एक पैकेज में बदल दिया था।

## यूक्रेन को मिला सबसे बड़ा पैकेज

इन पैकेजों में सबसे बड़ा हिस्सा 61 अरब डॉलर की सहायता यूक्रेन को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 26 अरब डॉलर इस्राइल और दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता एवं तीसरा हिस्सा 8.12 अरब कम्युनिस्ट चीन का मुकाबला करने के लिए रखा गया है। चौथे विधेयक को सदन में पिछले हफ्ते जोड़ा गया था। इसमें चीनी नियंत्रित सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध, जब्त की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने के उपाय और ईरान पर नए प्रतिबंध शामिल हैं

## बाइडन जल्द कर सकते हैं हस्ताक्षर




अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वादा किया था कि जैसे ही सदन में इसे पास किया जाएगा, वह इसपर हस्ताक्षर कर इसे कानून में बदल देंगे। दो अधिकारियों ने बताया कि बाइडन प्रशासन पहले से ही यूक्रेन के लिए एक अरब की सैन्य सहायता पैकेज तैयार कर रही है।

अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन नेताओं ने बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विदेशी विरोधियों को यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। बताया गया कि नवंबर में चुनाव होने तक यूक्रेन को सहायता पैकेज की मंजूरी दी जा सकती है।

बता दें कि यह राहत पैकेज अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने पेश किया था। इसके तहत यूक्रेन और इस्राइल के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी सहायता राशि भेजने का प्रस्ताव है।

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका-रूस का टकराव तय अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की दौड़ बनेगा मुद्दा

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने रूस पर एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह एक एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। जिसे रूस के रक्षामंत्री ने नकार दिया। आज होने वाली सभा में इस विषय पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और रूस आमने-सामने हो सकते हैं।

बुधवार को रूस और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होंगे। इसमें मतदान होगा, जो कि बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए देशों को सहमति का अमेरिका ने प्रस्ताव तैयार किया। कुछ समय पर अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया था कि वह एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। हालांकि रूस के रक्षा मंत्री ने अमेरिका के इस आरोप को सिरे से नकार दिया।

वहीं कुछ राजनीतिज्ञों की मानें तो रूस इस प्रस्ताव को रोक सकता है। वहीं अमेरिका ने भी यह कदम मॉस्को पर अंतरिक्ष में एंटी-सैटेलाइट परमाणु



हथियार विकसित करने के आरोप लगाने के बाद उठाया।

दरअसल शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड और जापान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत यामाजाकी काजुयुकी ने शुक्रवार को बयान दिया था कि वे छह सप्ताह से प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के सदस्यों से बातचीत कर रहे हैं।

यह प्रस्ताव बाहरी अंतरिक्ष संधि का पालन करने के राज्यों के कर्त्तव्यों का पालन कराने के लिए तैयार कराया गया है। जिससे बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के उद्देश्य में सक्रिय रूप से योगदान के लिए है।

**1967 की अंतरिक्ष संधि :** रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका समेत कई देशों ने 1967 में बाहरी अंतरिक्ष संधि पर हस्ताक्षर किया था।

इस संधि में पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में परमाणु हथियार या किसी अन्य प्रकार के सामूहिक विनाश के हथियार ले जाने वाली वस्तुओं को रखने से रोकती है।



# ईरानी राष्ट्रपति का तीन दिवसीय दौरा समाप्त

## व्यापार-ऊर्जा समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा

**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी का तीन दिवसीय पाकिस्तान दौरा बुधवार को खत्म हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उनका इस दौरे को सार्थक करार देते हुए कहा कि कई मुद्दों पर चचाओं, व्यापार एवं ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय वार्ता काफी कारगर साबित हुई। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यह किसी भी विदेशी नेता का पहला दौरा था।

### राष्ट्रपति रईसी ने की पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात

अपने तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना के प्रमुख आसिम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक और सिंध एवं पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से मुलाकात की।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्षों के बीच सार्थक चचाएं हुई। व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति रईसी ने लाहौर और कराची का भी दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय दल जिसमें विदेश मंत्री भी शामिल थे, कैबिनेट के अन्य मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी थे।

बता दें कि ईरानी राष्ट्रपति 22 अप्रैल को इस्लामाबाद पहुंचे थे, जहां आवास मंत्री मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सर टीपू ने उनका स्वागत किया था। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में उन्हें अलगाव महसूस नहीं हुआ। राष्ट्रपति रईसी ने बताया कि पकिस्तान के लोगों का ईरान से विशेष लगाव है।

उन्होंने इच्छा जताई कि वह पाकिस्तान में एक सार्वजनिक सभा का आयोजन करना चाहते थे, लेकिन कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो पाया।

# इमरान की पार्टी ने सेना के साथ गुप्त बातचीत के दावों को नकारा, कहा- चर्चा होगी तो खुले मंच पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है। पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है। इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया, उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था।



**पीटीआई अध्यक्ष गोहर खान का बयान :** गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की मीडिया में कुछ खबरें आई थीं। खबरों में दावा किया गया है कि इमरान खान ने पीटीआई के कुछ नेताओं द्वारा सेना से संपर्क साधने का खुलासा किया है। गोहर खान ने बताया कि अगर हमें बातचीत के लिए किसी से कोई संदेश मिलता है तो भी हम मीडिया को सूचित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी पार्टी को संवाद में रुचि होगी, तो इस चर्चा को खुले मंच पर आयोजित किया जाएगा और मीडिया को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा।

### जनादेश चुराने वालों से गठबंधन नहीं करेगी पार्टी- गोहर खान

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष गोहर खान ने यह भी कहा कि पीटीआई किसी भी ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, जिसने उसका जनादेश चुराया हो। हालांकि, पार्टी पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों के लिए अपने प्रयास और संघर्ष जारी रखेगी।

# पेशावर में सिख डॉक्टर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में मंगलवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सिख चिकित्सक की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतक पुलिसकर्मी की पहचान 45 वर्षीय कांस्टेबल फरहाद के रूप में हुई है।

### सिख डॉक्टर की सुरक्षा में तैनात था पुलिसकर्मी

कांस्टेबल फरहाद पेशावर जिले के ढेरी बागबानन में हर्बल चिकित्सक बाबा सुरजीत सिंह की सुरक्षा ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि फरहाद दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठा था तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर मामले जांच शुरू कर दी है।

# ट्रंप के खिलाफ पहली गवाही एडल्ट स्टार को पैसे देने से जुड़ा है मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ नेशनल इन्क्वायरर प्रकाशक डेविड पेकर ने गवाही दी। पेकर ने बताया कि उन्होंने 2016 में ट्रंप की राष्ट्रपति की दावेदारी में मदद करने के लिए अपने टैब्लॉइड का उपयोग करने के लिए गोपनीय समझौता किया था। पेकर आपराधिक गुप्त धन मुकदमे के पहले गवाह हैं। पेकर ने न्यूयॉर्क की अदालत में कहा 2015 में उन्होंने ट्रंप से कहा था कि इन्क्वायरर आपके बारे में सकारात्मक कहानियां प्रकाशित करेगा।



**ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना :** पेकर ने कहा कि उन्होंने एक संपादक से व्यवस्था को गुप्त रखने के लिए कहा था। पेकर ने ट्रंप को 2016 के चुनावों में कथित विवाहेतर संबंधों की कहानियों को दबाने में मदद की। यौन दुर्व्यवहार के कई आरोपों का सामना कर रहे ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना है। पेकर ने ट्रंप पर पोर्न स्टार डेनियल्स को दिए 1,30,000 डॉलर के भुगतान को छिपाने के लिए व्यवसायिक रिकॉर्ड में आपराधिक रूप से हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, वकीलों का तर्क है कि ट्रम्प ने कोई अपराध नहीं किया।

**स्टार्मी डेनियल को दिए 130,000 डॉलर :** ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल को भुगतान किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टॉर्मी डेनियल ट्रंप के साथ अवैध संबंधों को लेकर चुप्पी साधे रखें।

# कश्मीर मुद्दे पर पाक के झूठ का पर्दाफाश

**इस्लामाबाद।** कश्मीर मुद्दे पर एक बार फिर पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश हो गया है। दरअसल, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर हैं। एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने दावा किया कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख का समर्थन किया है।



इसके लिए शरीफ ने रायसी का धन्यवाद किया, जबकि मीडिया के साथ अपने बातचीत के दौरान रायसी ने एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया व खामोशी बरती। राष्ट्रपति रायसी ने कश्मीर का उल्लेख करने से परहेज किया और इसके बजाय विशेष रूप से फलस्तीन में उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने वालों के लिए ईरान के समर्थन की बात की। इस बीच, रायसी से पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भी मुलाकात की है।

### द्विपक्षीय संबंध सुधारने की कवायद

पाकिस्तान और ईरान ने जनवरी में एक-दूसरे पर मिसाइल हमले किए थे। ऐसे में रायसी की यात्रा दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने की कवायद के रूप में देखी जा रही। पहले तेहरान ने पाकिस्तान में ईरान विरोधी समूह के खिलाफ हमले किए। इसके बाद पाकिस्तान ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में कथित आतंकवादी ठिकानों पर छापेमारी कर ईरान को जवाब दिया था। दोनों देशों ने अतीत में एक-दूसरे पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है।

## पाकिस्तानी बैलिस्टिक मिसाइल पर अमेरिका की टिप्पणी

# विनाश के वितरकों पर की गई कार्रवाई

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी बैलिस्टिक मिसाइल पर अमेरिका की टिप्पणी, पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकताओं पर प्रतिबंधित करने के मामले में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि यह ऐसी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसारक और उनके वितरण का साधन थीं। इसलिए इन पर प्रतिबंध लगाया गया। सभी संस्थाएं चीन और बेलारूस में स्थित थीं। हम प्रसार नेटवर्क और सामूहिक विनाश के हथियारों की खरीदी के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को चेतावनी देता हूं, जो भी ईरान के साथ व्यापारिक सौदा पर विचार कर रहे हैं।



## ट्रंप पर भड़के बाइडन का लोगों से सवाल

# अगर अमेरिका वैश्विक मंच से हट गया तो कौन करेगा दुनिया का नेतृत्व

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने में करीब सात माह बचे हैं। ऐसे में नेताओं में जुबानी जंग छिड़ी हुई है। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए एक बयान पर राष्ट्रपति जो बाइडन भड़क गए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को कड़ी फटकार लगाई और लोगों से पूछा कि अगर अमेरिका विश्व मंच से हट जाता है तो दुनिया का नेतृत्व कौन करेगा।

### दुनिया का नेतृत्व कौन करेगा?

फ्लोरिडा के थंपा में एक प्रचार कार्यक्रम में बाइडन ने लोगों से पूछा, 'इसे इस तरह से सोचेंझ अगर संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व मंच से हट जाता है, जैसा कि ट्रंप चाहते हैं, तो दुनिया का नेतृत्व कौन करेगा? दुनिया का नेतृत्व कौन करेगा?'



गौरतलब है, अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन को ट्रंप कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### हर कोई कह रहा आपको ही जीतना है

बाइडन ने कहा, 'अब जो चीजें हो रही हैं उनमें से एक यह है कि हर अंतरराष्ट्रीय बैठक में मैं अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ भाग लेता हूं।चाहे वह जी7 हो या जी20। सभी अंतरराष्ट्रीय बैठकों में लगभग हर कोई मेरे पास आया और मुझसे कहा कि आपको ही जीतना है। मुझसे मेरी वजह से कोई नहीं कहता जीतने के लिए बल्कि विकल्प की वजह से वे कहते हैं। उनका कहना है- क्योंकि मेरा लोकतंत्र इस पर निर्भर करता है, जिसका अर्थ है उनका लोकतंत्र।'

राष्ट्रपति ने आगे कहा, 'पूरी दुनिया देख रही है, और वे देख रहे हैं कि हम इस चुनाव में खुद को कैसे संभालते हैं। न केवल इस पर कि हम जीतते हैं या नहीं, बल्कि हम खुद को कैसे संभालते हैं। मेरे लिए उन चीजों में से एक, जब मैं बच्चा था तब मैं नागरिक अधिकार आंदोलन से चुनावी राजनीति में शामिल हो गया था।

# संयुक्त राष्ट्र में बोलीं कंबोज, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत ने संविधान में संशोधन किया

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को लेकर बात की।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधारों और जमीनी स्तर की पहल के लिए देश के समर्पण पर जोर दिया। साथ ही कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1/3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दशार्ता है।

### संघर्ष-संबंधित यौन हिंसा को रोकने पर हुई बहस

कंबोज बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधित यौन हिंसा (सीआरएसवी) को रोकने पर एक खुली बहस को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति हमारे देश का समर्पण संघर्ष संबंधी यौन हिंसा का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से प्रदर्शित होता है।

इस दृष्टिकोण में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय नीति सुधार और जमीनी स्तर की पहल शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शांति और सुरक्षा नीतियों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में बहुत मुखर रहा है।

## भारतीय महिला शांति सैनिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के योगदान को स्वीकार करते हुए, कंबोज ने कहा, 'भारतीय महिला शांति सैनिकों ने संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। हम मेजर सुमन गवानी को 2019 में यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर से सम्मानित करने पर भी बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं।' उन्होंने संघर्ष संबंधी यौन हिंसा को रोकने और सलाह देने में भारतीय महिला शांतिरक्षकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बदलाव के रूप में सशक्त महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय और राज्य विधानसभाओं में 1/3 सीटें आरक्षित करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। यह कदम शांति और सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दशार्ता है।जी 20 की अध्यक्षता के दौरान, कंबोज ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर भारत के ध्यान पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'भारत ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर ध्यान देने के साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया था।' उन्होंने इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में जी20 महिला सशक्तिकरण कार्य समूह की स्थापना पर भी प्रकाश डाला।

# ऑस्ट्रेलिया ने नहीं बढ़ाई भारतीयों के वीजा खारिज करने की संख्या, यूरोपीय आयोग ने भी बदले नियम

**कैनबरा।** हाल के वर्षों में भारतीय छात्रों के लिए विदेशों में कई तरह के अवसर खुले हैं। इनमें वीजा शर्तों का आसान बनना भी एक कारण है। अब भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा है कि उन्हें अगले साल और अधिक भारतीय छात्रों के उनके देश में शिक्षा ग्रहण करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के वीजा खारिज करने की संख्या भी बढ़ी नहीं है। ग्रीन ने जोर दिया, मैंने खुद आंकड़े देखे हैं, इस साल भी यह संख्या गत वर्ष के समान ही है। छात्रों की अस्वीकृति में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है।




### ऑस्ट्रेलिया बेहतर विकल्प

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि दोनों देशों में पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त रिश्ते बने हैं। भारत के कई छात्र खासतौर पर मेडिकल, नर्सिंग, प्रबंधन और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया को एक बेहतर विकल्प मानते हैं। बड़ी संख्या में भारतीय अपनी शिक्षा के हिस्से के रूप में ऑस्ट्रेलिया आना चुनते हैं।

**यूरोपीय आयोग ने बदले वीजा संबंधी नियम, भारतीयों के लिए फायदेमंद :** यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों को एकाधिक प्रवेश वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियमों की घोषणा की।

ये अब तक लागू वीजा कोड (शेंगेन) के मानक नियमों की तुलना में अधिक अनुकूल हैं। भारतीयों के लिए 18 अप्रैल, 2024 को नई वीजा व्यवस्था अपनाई गई है। अब तक इसकी वैधता प्रवेश की तिथि से 90 दिन की होती थी। यह वीजा विदेश में काम की अनुमति नहीं देता था, लेकिन अब भारतीय नागरिक लंबी वैधता वाले मल्टीपल एंट्री शेंगेन वीजा के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा, नए वीजा ह्यकैस्केडह्न के अनुसार, भारतीयों को अब दो साल के लिए वैध दीर्घकालिक, बहु-प्रवेश शेंगेन वीजा जारी किया जा सकता है।

### ट्रुथ की एच-1बी के लिए अर्जी, नौकरी भी नहीं दी

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्थापित सोशल मीडिया ह्यट्रुथह्न ने एच-1बी कार्यक्रम के लिए अर्जी दी है। इस वीजा को उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रतिबंधित करने का प्रयास किया था।

# अतुल गर्ग के रोड शो में उमड़ी भीड़ का नजारा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लोकसभा प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से अतुल गर्ग ने रोड शो निकाला। रोड शो की शुरूआत बजरिया से हुई जो घंटाघर होते हुए शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन और फिर वहां से होते हुए नवयुग मार्केट के अंबेडकर मैदान में पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग का व्यापारियों, नेताओं और अन्य लोगों ने फूल-माला और पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो निकाला गया। इस मौके पर भाजपा नेता रुद्र प्रताप त्यागी खासे उत्साहित दिखाई दिये।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष तथा वरिष्ठ बीजेपी नेता राजू पांचाल भी अपनी टीम के साथ लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के रोड शो में शामिल हुए। राजू पांचाल ने कहा कि बीजेपी इस बार लोकसभा चुनावों में 400 पार और सबसे बड़ी जीत गाजियाबाद से दर्ज करने जा रही है।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के रोड शो रेलवे रोड बजरिया से निकाला गया। जिसमें अपने सैकड़ो साथियों सहित डीडी यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा शामिल हुए।




क्यों कहा कहने वाले ने कि कई भगवा धारी चुनाव कार्यालय पर बैठे थे एक साथ ? तभी इन सब के बीच में से आई एक गुमनाम आवाज ? पूछने वाले ने पूछा, क्या अब आती है आपको जनरली साहब की याद ? ये सुनकर पूरे गौरव से किसी ने अपना खोपड़ा हाँ में हिलाया ? चाबी खो जाने वालों ने कहा, हमारा इतिहास में नहीं है इंटरेस्ट ? इस सवाल को सुने के बाद पहलवान बोले, मुझे बुला रहे है महानगर अध्यक्ष ? भगवा नागर ने भी इस सवाल पर नहीं दिखाया कोई खास इंटरेस्ट ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व विधायक की भगवा गढ़ में जॉइनिंग रोकने को लेकर कई बड़े से बड़े भगवाधारियों ने उठाई हुई थी विरोध वाली लाठी ? इस विरोध ने शामिल थे मुज़फ़्फर नगर के भी एक नेता ? जिन्हें बताया जाता है भगवा नेता खाँटी ? उनके सामने जब किसी ने रखी ये बात, कहा चुनाव के बाद अगर कर ली पूर्व विधायक नो जॉइनिंग तब क्या कर लोगो आप ? ये सुनकर मुस्कुरा गया मुज़फ़्फर वेक नेता जी का चेहरा ? उन्होंने तपाक से कहा, अब होती है तो हो जाये जॉइनिंग ? कम से कम गर्ग साहब के चुनाव में तो नहीं बांध पाया पूर्व विधायक की सिर पर सेहरा ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे बहुत ही अंदर से पता चली है एक बात ? लोकसभा चुनाव के बाद जब शुरू होगी विधानसभा उप चुनाव के दावेदारी ? तब इस दावेदारी में एक बड़े जनप्रतिंधि नहीं देंगे पहलवान के दोस्त का साथ ? कहने वाले ने कहा कि बड़े जनप्रतिंधि के इन इरादों का पहुँच गया उनकी टीम तक संदेश ? भले ही पहलवान के दोस्त के साथ इनका चुनाव में कई बार स्माइलिंग फेस नजर आया हो ? मगर इस स्माइल के पीछे है कुछ और ही संदेश ? ये जनप्रतिंधि बनेंगे आने वाले समय में रुकावट वाली बहुत बड़ी खेद ? इसलिए अभी से भरना होगा दोनों यारों को फि लहाल नाव में हुआ छोटा सा छेद ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आयरन वाली सिटी के एक भगवा मेम्बर के तेवर इस वक़्त हो रहे है बहुत ज्यादा धारधार ? हम देख रहे है, ये अपने एरिया के भगवा कमिश्नर पर लगातार कर रहे है शब्दों वाले वॉर ? सुना है ये किसी से कर रहे थे अपनी भावनाएँ जारी ? कह रहे थे ये भले ही किसी की कृपा से कमिश्नर बन गये हो ? मगर उनके एरिया में कितने बूथ आते है, इसकी नहीं होगी उनको जानकारी ? इन शब्दों को कहते हुए बिल्कुल भी नहीं लड़खड़ाते है मेम्बर साहब के शब्द ? लगता है भगवा कमिश्नर ने जरूर इनके दिल को चोट दी हुई है जबरदस्त ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि यूँ ही किसी की आसानी से तारीफ नहीं करते है भगवा पहलवान ? कुछ युवा चाटुकारों यानी किसी के लाड़लों पर भी बनाया हुआ है उन्होंने ध्यान ? मगर चोटी वाले भगवा त्यागी को लेकर है पहलवान के अलग ही विचार ? जब किसी ने कहा चोटी वाले हमेशा तुम्हारे यार के आस पास ही नजर आते है ? इस पर क्या है आपका विचार ? तब पहलवान ने इन शब्दों को सुनकर कहा, ये उन लाड़लों की तरह नहीं है चाटुकार ? संगठन के हर काम को ये बंदा शिद्दत से करता है ? इसकी तरक़्क ी पर होना चाहिए अभी और भी विचार ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात बताना चाहते ? जो चेहरे चुनाव में मेहनत करने के बावजूद गुमनाम रखे गये ? उनके नाम आपके सामने लाना चाहते है ? हम आपसे करना चाहते है क्रासिंग वाली भगवा दीदी प्रीति चंद्रा राय का ज़िकर ? संगठन के बड़े चेहरों को होनी चाहिए ऐसे सक्रिय कार्यकताओं को भी फि कर ? हमने देखा यूथ आइकॉन भैया का इन्होंने बहुत ही शानदार कराया था प्रोग्राम ? जिसमें हाई राइज एरिया की काफी हाइली एडुकेटेड महिलायें थीं विराजमान ? इस आयोजन में भीड़ जुटाकर खींचा था प्रीति दीदी ने ध्यान ? इसलिए आने वाले समय में ऐसे कार्यकताओं को भी मिलना चाहिए उचित सम्मान ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब के रोड शो में ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का दिख रहा था अलग ही स्वेग ? वो नादिया पार के पार्षदों को अपने साथ लेकर हुई थी अलग से सवार ? हमने देखा गर्ग साहब भी लाल थार में चल रहे थे ? मेयर साहब भी थी सेम टू सेम लाल वाली थार में ही सवार ? उनके रथ पर थे मनोज गोयल, राजकुमार भाटी, मीना भंडारी के साथ कई चेहरे मौजूद ? मेयर साहब ने दे दिया रोड शो में संदेश ? गाज़ियाबाद की राजनीति में है उनका अलग ही वजूद ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब के चुनाव में भगवा मीडिया वाले चौधरी ने तमाम कमियों के बाद काम किया है बहुत ही खास ? मगर हमे पता चला है कि नदिया पार के कई चेहरे हैं उनसे बहुत ज्यादा नाराज ? सुना है आशा और अंजना दीदी कर रही थी किसी से बात ? कह रही थी, कार्यक्रम में मेहनत हमने की और विज्ञप्तिओं से कर दिया चौधरी जी ने हमारा ही नाम साफ ? फोटो भी मीडिया वालों को वो भेजे , जिसमें हम कही पर भी दिखाई ही नहीं दिये साहब ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात चाहता हूँ बताना ? इस बार चुनावों में बदल दिया क्रांतिकारी विधानसभा के कसाना जी ने अपना फसाना ? पूरे चुनाव में धौलाना विधानसभा ही रही उनका ठिकाना ? यहाँ पर उन्होंने पूरी शिद्दत से दिखाया अपनी सक्रियता का तराना ? सुबह से लेकर देर रात तक रोजाना किया उन्होंने साठा चौरासी में काम ? केवल चुनाव में टिकट माँगने के लिये ही वो ऐक्टिव होते है? अपनी मेहनत से इस तरह के धो डाले उन्होंने सारे के सारे इस बार इल्जाम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ओबीसी मोर्चा के सिरमौर ये ना सोचे कि केवल रोड शो में ताकत दिखाकर बन जाएगी उनकी बात ? हमने देखे है पूरे चुनाव में उनकी निष्क्रियता वाले हालत ? कहने वाले ने कहा, लेडी फ्रंट से लेकर किसान, युवा और अनुसूचित वाले लीडरों की कि हुई है मैंने पूरे चुनाव में मेहनत वाली कुंडली तैयार ? चुनाव खत्म होते ही इसको मैं भेज दूँगा गर्ग साहब के द्वार ? वैसे बता दूँ, टॉप पर इस लिस्ट में चल रहा है ओबीसी वालों का नाम ? बाक ी तो इनका दिल ही जानता होगा कि इन्होंने कितना किया है काम ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## भाजपा ने दिया है सिक्ख गुरुओं की सेवा व शहादत को सम्मान : मनजिन्दर सिंह सिरसा

### भाजपा को सिक्ख समाज का पूर्ण समर्थन, मोदी बनेंगे पुनः प्रधानमंत्री



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गत दस वर्षों में केंद्र सरकार व भाजपा ने सिक्ख गुरुओं की देश, धर्म व मानवता की रक्षा के लिए किये गये सार्थक प्रयासों को सम्मान देने का सराहनीय कार्य किया है। यह बात यहां आरके बैंक्वट में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिन्दर सिंह सिरसा ने सिक्ख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 65 सालों में तुष्टिकरण नीति के तहत इतिहास को बदलने का कार्य किया, मुगलों को सम्मान देने का काम किया और निर्दोष सिक्खों का सबसे बड़ा कत्लेआम कराने का काम किया, सिक्ख इसको कभी भुला नहीं पायेंगे। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्ख गुरुओं व छोटे साहिबजादों के राष्ट्रहित में दी गई शहादत को पूरा सम्मान दिया है। अपने आवास पर गुरु ग्रन्थ साहिब का प्रकाश कराकर आशीर्वाद लिया और जिस लालकिले से गुरु तेगबहादुर जी की शहादत का फरमान जारी हुआ था, उसी लालकिले में गुरु साहिब की याद में उनकी चार सौ साला जयंती मनाई गई।



गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने किया मनजिन्दर सिंह सिरसा का सम्मान व अभिनन्दन

(करंट क्राइम)। कार्यक्रम का संचालन सरदार एस पी सिंह ने किया व आये अतिथियों का आभार गुरप्रीत सिंह रम्मी व रमन बरमी ने किया। इससे पूर्व गुरुद्वारा सिंह सभा, बजरिया, गुरुद्वारा लालक्वाटर, गुरुद्वारा गांधी नगर, गुरुद्वारा इंदिरा पुरम, गुरुद्वारा कविनगर सी व जी ब्लॉक, गुरुद्वारा राजनगर, गुरुद्वारा गौर सिटी, गुरुद्वारा सेक्टर 12, नोएडा, गुरुद्वारा लाजपत नगर, गुरुद्वारा श्याम पार्क, गुरुद्वारा शालीमार गार्डन, पंजाबी एकता समिति, सिक्ख यूथ गाजियाबाद, व्यापार मंडल गाजियाबाद के पदाधिकारियों द्वारा मनजिन्दर सिंह सिरसा का सम्मान व अभिनन्दन भी किया गया।

### सिक्ख समाज का पूर्ण समर्थन भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए है : सिंह

(करंट क्राइम)। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिन्दर सिंह सिरसा ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व व संगठन सदैव गुरुओं की शिक्षा को प्राथमिकता व सम्मान देने के हक में रहता है, दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के सचिव जसनैन सिंह नोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षा मंत्री, सभी सिक्ख गुरुओं के आदर्शों को सम्मान देते हैं। सहारनपुर के गुरप्रीत सिंह बग्गा, रालोद के इन्द्रजीत सिंह टीटू व भाजपा के सरदार एसपी सिंह और आयोजक गुरप्रीत सिंह रम्मी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और भाजपा को पूर्ण समर्थन देकर मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने का सकंल्प किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल मैन संजीव गुप्ता का अंदाज ऐसा है कि वो सब को एक पूरे परिवार की परिधि में लेकर चलते हैं। सौम्य परिपक्व और मधुरता भरे शब्दों के साथ वो प्रभु कृपा की कामना करते हैं। पुत्र आशुतोष गुप्ता के जन्मदिन पर उन्होंने पूरे परिवार की और से शुभ कामनाएं दी। आशिर्वाद देते हुए कहा कि अपने परिवार का खूब नाम रोशन करो। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।